नव भारत

## एक नजर में



### स्वदेशी मिसाइल का किया सफल परीक्षण

**नई दिल्ली, 5 मई.** भारत लगातार अपनी रक्षा क्षमताओं में लगातार इजाफा कर रहा है. भारतीय नौसेना भी हर गुजरते दिन के साथ अपनी ताकत को बढ़ा रही है. सोमवार को भारत ने रक्षा क्षेत्र में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए स्वदेशी मल्टी-इन्फ्लुएंस ग्राउंड माइन मिसाइल का सफल परीक्षण किया. इस उपलब्धि के लिए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन और भारतीय नौसेना को रक्षा मंत्री सिंह ने बधाई दी है. साथ ही कहा है कि यह प्रणाली भारतीय नौसेना की युद्ध क्षमताओं को और बेहतर करेगी.

### पुंछ में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़

**पुंछ, 5 मई.** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के सुरनकोट सेक्टर के हरि मारोटे गांव में एक ठिकाने का भंडाफोड़ हुआ है. सुरक्षा बलों ने जिले के सुरनकोट सेक्टर के हरि मारोटे गांव में इस आतंकी ठिकाने को ढूंढ निकाला. रविवार देर रात सेना, पुलिस और एसओजी सहित सुरक्षा बलों की ओर से चलाए गए संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान आतंकी ठिकाने का पता चला, जहां से पांच आईईडी, वायरलेस सेट और कुछ कपड़े बरामद किए गए. भारतीय सेना की राष्ट्रीय राइफल्स, पैरा कमांडो यूनिट और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए.

# सभी राज्य करें मॉक ड्रिल

## केंद्रीय गृह मंत्रालय का सभी राज्यों को निर्देश

**54** साल बाद फिर सुरक्षा को लेकर रिहर्सल | **07** मई को मॉक ड्रिल कराने के आदेश

**नई दिल्ली, 5 मई. केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) के लिए देश के सभी राज्यों को 7 मई को मॉक ड्रिल कराने को कहा है, ताकि किसी आपात स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके. केंद्र सरकार के सूत्रों ने यह जानकारी दी.**

54 साल बाद देश फिर मॉक ड्रिल की जा रही है. गृह मंत्रालय ने यह निर्देश ऐसे समय में दिए हैं, जब दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है और भारत पाकिस्तान के खिलाफ



जवाबी कार्रवाई के लिए विकल्पों पर विचार कर रहा है. इस आतंकी हमले में 26 लोगों की बर्बर तरीके से हत्या कर दी गई थी. इनमें अधिकांश पर्यटक शामिल थे.

इस हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई रणनीतिक कदम उठाए हैं. जिनमें सिंधु जल संधि को निलंबित करना, पाकिस्तानी उच्चायोग में कर्मचारियों की संख्या में कटौती करना, अटारी चेक पोस्ट को बंद करना और सभी श्रेणियों में डाक सेवाओं को बंद करने जैसे कमद शामिल हैं.

### पीएम मोदी से मिले रक्षा सचिव

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी लगातार पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं. प्रधानमंत्री पूरे मामले पर तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ बैठक भी कर चुके हैं. माना जा रहा है कि रक्षा सचिव ने सोमवार को हुई इस मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री को ताजा हालात और सैन्य तैयारियों की जानकारी दी.

### पीएमओ में बैक-टू-बैक हाईलेवल मीटिंग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक्शन मोड में हैं और बैठकों का दौर लगातार जारी है. सोमवार को प्रधानमंत्री कार्यालय में पीएम मोदी ने कई बैठकें की. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पीएम मोदी से मिलने के लिए पीएमओ पहुंचे. राहुल गांधी की पीएम मोदी से मुलाकात को बेहद महत्वपूर्ण बताया जा रहा है और संभावना जताई जा रही है कि यह मुलाकात नए सीबीआई प्रमुख के चुनाव को लेकर भी हो सकती है. हालांकि ऐसी भी अटकलें हैं कि दोनों नेताओं के बीच पहलगाम हमले को लेकर भी बात हो सकती है. सीबीआई निदेशक के चयन के लिए कमेटी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्य न्यायाधीश और लोक सभा में विपक्ष के नेता होते हैं. वर्तमान सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद का कार्यकाल 25 मई 2025 को खत्म हो रहा है.

### डोभाल ने भी की पीएम मोदी से मुलाकात

इससे पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. दोनों के बीच कुछ देर की बातचीत के बाद डोभाल बाहर निकले और इसके बाद पीएम मोदी से मिलने के लिए गृह सचिव गोविंद मोहन पीएमओ पहुंचे. पीएमओ में बैठकों के लगातार दौरों से जल्द ही कुछ बड़ा होने की अटकलें लगाई जा रही हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार दोपहर को साउथ ब्लॉक स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचे. इसके बाद से ही लगातार बैठकों का दौर जारी है. राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल के साथ पीएम मोदी की बैठक को काफी अहम माना जा रहा है.

### आतंकियों को आईएसआई ने दी थी मिलिट्री ट्रेनिंग

**श्रीनगर, 5 मई.** पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को मिलिट्री ट्रेनिंग दी गई थी. सूत्रों के मुताबिक हमले में शामिल आतंकियों को पाकिस्तानी स्पेशल सर्विस ग्रुप की ट्रेनिंग दी गई थी. कुछ पूर्व आतंकियों से पूछताछ में कई अहम जानकारियां एजेंसियों के हाथ लगी है. जानकारी के अनुसार पाकिस्तानी आतंकी हाशिम मूसा जो कि पहलगाम हमले में शामिल था, वो खुद पाकिस्तान में स्स्त्र का पैरा कमांडों रहा है. इस आतंकी पर 20 लाख का इनाम रखा गया है. एनआईए पहलगाम आतंकवादी हमले की जांच कर रही है. वहीं जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकवादियों के बारे में सूचना देने वाले को 20-20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है.



### आतंक के खिलाफ जंग में भारत के साथ रूस : पुतिन

आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में रूस ने भारत का साथ देने की प्रतिबद्धता दोहराई है. राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और भारत के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की. उन्होंने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की.

# वक्फ कानून पर 15 मई को सुनवाई

## न्यायमूर्ति गवई की अध्यक्षता में होगी

**नयी दिल्ली, 5 मई. उच्चतम न्यायालय ने वक्फ संशोधन अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं के कुछ विवादास्पद मुद्दों को सुनवाई के लिए स्वीकार करते हुए कहा कि पूरे मामले को नामित मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ 15 मई को सुनवाई करेगी.**

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अध्यक्षता वाली पीठ ने विवादास्पद मुद्दे को स्वीकार करते हुए कहा कि सरकार द्वारा देश की वक्फ संपत्तियों के रूप में पेश किए गए 3921236.459 एकड़ भूमि के आंकड़े पर सर्वोच्च न्यायालय विचार करेगा, जिस पर दूसरे पक्षों द्वारा आपत्ति की जा रही



है. हालांकि, 13 मई को सेवानिवृत्त होने वाले न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि वह अंतरिम चरण में भी इस मामले में फैसला सुरक्षित नहीं रखना चाहेंगे, इसलिए मामले की सुनवाई 15 मई को होगी. नामित मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गवई की अध्यक्षता वाली पीठ मामले की सुनवाई करेगी.

> पीठ ने वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाले मामलों पर सुनवाई शुरू करते हुए कहा, हमने जवाबी और जवाबी दलीलों पर गौर किया है. हां, पंजीकरण और कुछ आंकड़ों पर कुछ मुद्दों पर सवाल उठाए गये हैं, और याचिकाकर्ताओं ने आपत्तियां दर्ज की हैं. इन पर विचार किए जाने की जरूरत है. मुख्य न्यायाधीश ने कहा, इस मामले की सुनवाई किसी भी उचित दिन होनी चाहिए. यह मेरे समक्ष नहीं होगा. हम इसे न्यायमूर्ति गवई की पीठ के समक्ष रखेंगे.

# 3 सदस्यीय जजों की जांच की रिपोर्ट सीजेआई को सौंपी

**नयी दिल्ली, 05 मई. न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ आरोपों की जांच करने के लिए गठित न्यायाधीशों की तीन सदस्यीय समिति ने अपनी रिपोर्ट मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को सौंप दी है.**

उच्चतम न्यायालय की ओर से सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी गई. विज्ञप्ति के अनुसार, समिति ने चार मई को अपनी रिपोर्ट दी. समिति ने तीन मई को अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप दे दिया था. रिपोर्ट की विषय-वस्तु और निष्कर्ष अभी तक उजागर नहीं किए गए हैं.

इस समिति में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी एस संधावालिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति शिवरामन शामिल हैं. न्यायाधीशों की यह समिति न्यायमूर्ति वर्मा के निवास पर 14-15 मार्च की रात को आग लगने की घटना के दौरान उनके सरकारी बंगले के बाहरी हिस्से में नकदी के ढेर मिलने के मामले की जांच की है.विवाद के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय न्यायालय तबादला किये गए न्यायमूर्ति वर्मा आगजनी की घटना के दिन दिल्ली के अपने सरकारी आवास पर मौजूद नहीं थे.

### आज आएंगे 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम

**भोपाल, 05 मई.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 6 मई 2025 को शाम 5 बजे मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डी.पी.एस.ई.) मुख्य परीक्षा 2025 के परीक्षा परिणाम मुख्यमंत्री निवास (समत्व भवन) में घोषित करेंगे। मण्डल द्वारा विभिन्न पोर्टल के माध्यम से परीक्षा परिणाम ज्ञात करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। निम्न वेबसाईट पर परिणाम परीक्षा उपलब्ध रहेंगे। छात्र डीजी लॉकर के माध्यम से परीक्षा परिणाम देख सकेंगे। चयन करने के बाद अपना अनुक्रमांक तथा आवेदन क्रमांक प्रविष्ट कर परीक्षा परिणाम ज्ञात कर सकते है।





Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or call our toll-free no.: 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Finance offer is at sole discretion of the financer, subject to its respective T&Cs. Offers are valid in select states for a limited period or till stock lasts. For more details, please visit your nearest authorized Hero outlet. *Ex-showroom prices are applicable in Gwalior. #Cash Bonus Offer Valid on XTREME 125R. $Green Bonus is applicable Pan India on select Hero products and bonus amount may vary as per model/variant. *Terms & Conditions apply.

**अधिकृत डीलरः ग्वालियरः** तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), **भिन्डः** शिवम हीरो, 9289922787, **दतियाः** शिव हीरो 9289923172, **मुरैनाः** गगन हीरो, 9289922678, **श्योपुरः** आशीष हीरो, 9289922832, **शिवपुरीः** रघुवंशी हीरो, 9289922571, **अशोक नगरः** आरव हीरो 9821743269, **टीकमगढ़ः** आनंद हीरो 9289923112, **छतरपुरः** आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), **एसोशिएट डीलरः अम्बाह**-उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, **डबराः** दुर्गा एजेन्सी 9926746001, **करेराः** आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज, 7428492559, **पिछोरः** दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, **सबलगढ़ः** शिवम मोटर्स, 9893085461, **कोलारसः** भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, **बैराड़ः** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स, 9893075206, **बदरवासः** बालाजी इंटरप्राइजेज, 9893670277, **गोहदः** ओम साईं मोटर्स, 8358994876, **टीकमगढ़ः** एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, **जताराः** शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, **खरगापुरः** हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, **पृथ्वीपुरः** महावीर एजेंसीज 7000375943, **बंडाः** श्रुति मोटर्स, 7879573737, **अमानगंजः** असाती ऑटोमोबाइल्स, 9993146070, **बीनाः** राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, **लहारः** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस, 9770444999, **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) भिन्ड :** शिवम् मोटर्स, 9289922787

L&K | SAATCHI & SAATCHI